
04 एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस को रोकने दवाओं का उचित उपयोग करना होगा



07 कूनों से फिर आई खुशखबर,भारत में जन्मी मुखी ने 5 शावकों ...



**खबर संक्षेप**

### एसआईआर पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ शिखा साहू रहीं अग्रणी

**सागर।** वर्तमान में जारी एसआईआर (मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण) कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। नरयावली विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 16 बेलईघाट की बूथ लेवल अधिकारी शिखा साहू ने भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन प्रशिक्षण 2026 के अंतर्गत मतदाताओं की मैपिंग से लेकर मतदाता गणना पत्रक का शत.प्रतिशत डिजिटाइजेशन समय सीमा के पूर्व पूरा कर श्रेष्ठ बीएलओ में शामिल हैं। शिखा साहू ने बताया कि यह कार्य उन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के मार्गदर्शन में पूरा किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी. आर. ने एसआईआर कार्य में उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना की है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश रावत ने बताया कि बीएलओ साहू द्वारा अब तक 84 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है, जो जिले में सर्वाधिक है। उनके मतदान केंद्र से कुल 484 मतदाता जुड़े हैं, जिनमें से 408 मतदाताओं के गणना पत्रक वे डिजिटाइज्ड कर चुके हैं।

### स्ट्रीट फूड प्रतिष्ठानों का निरीक्षण और नमूना परीक्षण किया गया

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के दिए गए निर्देशों के पालन में मिलावट के विरुद्ध अभियान के तहत कटरा, नमक मंडी और सागर स्थित चार चौपाटियों का निरीक्षण किया गया। प्रशासन की टीम ने मौके पर ग्वालियर चाट, रीवा चाट, भोपाल माल और मधुर पावभाजी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अमित पावभाजी एवं गोपाल चाट भंडार के एफएसएसएआई रजिस्ट्रेशन की एक्सपायरी डेट पाई गई। गोपाल चाट भंडार से फुलकी, मधुर पावभाजी से पावभाजी, कुकिंग यूज्ड ऑइल और मोमोज के नमूने लिए गए। साथ ही तीर्थकर परिसर स्थित कोमल ट्रेडर्स से किशमिश, पिंड खजूर और एप्रीकोट के नमूने भी लिए गए। इन सभी नमूनों की प्राथमिक जांच चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में कराई गई और आगे राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल में जाँच के लिए भेजा गया। स्ट्रीट फूड बेंडरों को खाद्य प्रतिष्ठानों के रख-रखाव, साफ-सफाई और अजीनोमोटो के अति सूक्ष्म उपयोग का प्रशिक्षण भी चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से दिया गया।

**सामाजिक न्याय, उद्यानिकी तथा एमपी एग्रो विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक संपन्न**

# संपन्न और समृद्ध भारत बनाने में अन्नदाताओं की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिकाः मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

संपन्न भारत, समृद्ध भारत बनाने के लिए किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साथ ही जैविक खेती के लिए किसान भाइयों को प्रोत्साहित करें। उक्त निर्देश सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने सागर में समीक्षा बैठक में दिए।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, अंशुल परिहार, सुमित यादव सहित विभाग के अधिकारी मौजूद थे। उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा द्वारा उद्यानिकी विभाग तथा सामाजिक न्याय विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में संयुक्त संचालक उद्यानिकी निकिता जैन द्वारा संभाग के समस्त जिलों का प्रेजेंटेशन किया गया।बैठक में एकीकृत बागवानी मिशन



योजनांतर्गत सब्जी क्षेत्र विस्तार, मसाला क्षेत्र विस्तार, जैविक खेती, संरक्षित खेती, बागवानी यंत्रीकरण, फलोद्यान योजना की समीक्षा की गई। मसाला क्षेत्र विस्तार, पीडीएमसी एवं पीएमएफएमई योजना में निवाड़ी जिले की प्रगति कम होने पर मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। संयुक्त संचालक उद्यानिकी को निवाड़ी जिले के सहायक संचालक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए गए, साथ ही एक माह में प्रदाय लक्ष्य अनुसार पूर्ति किए जाने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में राज्य योजना फलोद्यान, मसाला क्षेत्र विस्तार, पीडीएमसी योजना अंतर्गत ड्रिप/स्प्रिंकलर के भौतिक लक्ष्यों की पूर्ति के लिए जिलेवार समीक्षा की गई। पीएमएफएमई योजनांतर्गत मंत्री कुशवाहा द्वारा संभाग की प्रगति कम होने पर कलेक्टर की टीएल बैठक व डीएलसीसी में प्रकरणों की समीक्षा कर एक माह में स्वीकृत कराए जाने के निर्देश दिए गए।

मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा द्वारा विभागीय कार्य समय पर पूर्ण किए जाने के निर्देश सभी जिला अधिकारियों को दिए गए। बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधक एम.पी. एग्रो को समय पर सामग्री उपलब्ध कराने एवं समय पर वेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में संयुक्त संचालक उद्यानिकी श्रीमती निकिता जैन, संभाग के समस्त जिलों के उपसंचालक एवं सहायक संचालक उद्यान तथा सागर जिले के समस्त वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी, उद्यान प्रभारी व ग्रामीण उद्यान विकास अधिकारी मौजूद रहे।



## पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ में शामिल हुए मंत्री गोविंद राजपूत

**सागर।** शांतिनाथ धाम सिरोंजा में श्री 1008 शांतिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति का आयोजन आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में बीटीआईआरटी कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत शामिल हुए। मंत्री राजपूत ने आचार्य श्री एवं संतों का आशीर्वाद लेते हुए परिसर में बाबूलाल ताराबाई जी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए आयोजित समिति को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि यह पुण्य पवन आयोजन हम सभी के लिए गर्व की बात है संतों का हमारे क्षेत्र में आना ही हम सब की खुशियों और समृद्धि का शुभ संकेत है। उन्होंने आयोजनकर्ता बी.टी.ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा मंत्री राजपूत का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कैलाश सिंघाई दाऊ, देवेंद्र लोहारी, महेंद्र जैन वलेह, सौरव जैन घड़ी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुखदेव मिश्रा, डॉ वीरेंद्र पाठक, भाजपा जिला मंत्री देवेंद्र पप्पू फुसकेले, नेमी जैन, सुबोध जैन, शुभम जैन जैसीनगर आदि उपस्थित रहे।



## विवाह पंचमी पर होगा श्रीराम जानकी विवाह मंदिर समिति और भक्तों की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

नगर के हृदय स्थल बजरिया स्थित श्री देव जानकी रमण मंदिर में 25 नवंबर विवाह पंचमी पर श्रीराम जानकी जी का शुभ विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर समिति और भक्तों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तय की गई, ताकि उत्सव को पूरी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जा सके। मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सौरभ हजारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर के हृदय स्थल बजरिया स्थित श्री देव जानकी रमण मंदिर में यह शुभ विवाह उत्सव आयोजित किया जाएगा।

### विवाह उत्सव का विस्तृत कार्यक्रम

प्रातःकालः उत्सव का शुभारंभ श्री देव जानकी रमण भगवान का अभिषेक के साथ होगा। सायं 5 बजे से बारातः शुभ विवाह के लिए भगवान श्रीराम की बारात सायं 5 बजे से निकाली जाएगी। यह बारात मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकलेगी, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की उम्मीद है। महाभोज (भंडारा): विवाह उत्सव के समापन पर विशाल भंडारे (महाभोज) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा।समिति के अध्यक्ष सौरभ हजारी ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सभी भक्तों के सहयोग और सुझावों से एक सुव्यवस्थित और भव्य आयोजन किया जा सके, जिससे नगर में धार्मिक और भक्तिमय माहौल बने। यह उत्सव नगर के लिए एक बड़ा धार्मिक आयोजन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और आस-पास के क्षेत्रों के श्रद्धालु भाग लेते हैं।

## ग्राम घौरट, घांगर, बरोदिया बामन में 75 लाख के सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज भूपेन्द्र सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम घौरट, घांगर तथा बरोदिया बामन में कुल 75 लाख रुपये की लागत से नवीन सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। जिनमें ग्रामघौरट में 25 लाख रूपये, ग्राम घांघर में 25 लाख रूपये और ग्राम बरोदिया बामन में 25 लाख रूपये लागत के सामुदायिक भवन निर्माण शामिल हैं। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आपके पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। आज यहाँ तीन गाँवों में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन हुआ है, इसके अलावा नवीन पंचायत भवन, चबूतरा निर्माण, हनुमान मंदिर, आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल, अस्पताल सहित अनेक विकास कार्य कराए जा चुके हैं। सरोज भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि खेल मैदानों का निर्माण कराया गया है।

आपके पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की यह सोच है कि जब हमारे स्कूल के बच्चे-बच्चियाँ खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे तो अपना ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। बेटे-बेटियों को




साइकिल वितरित की गई, जिससे दूर-दराज से पढ़ने आने वाले बच्चों को आवागमन में बहुत सुविधा हुई। मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि भी दी गई।उन्होंने कहा कि हमारी बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जिन बहनों के नाम छूट गए थे या जिन्हें राशि नहीं मिल रही थी, उनके नाम जुड़वाए गए और अब सभी को योजना का लाभ मिल रहा है। यह राशि बढ़ाकर 1500 रुपये मासिक कर दी गई है। इस राशि से बहनें किसी पर आश्रित नहीं रहीं, बच्चों को पढ़ाना, उनकी फीस भरना, घर का खर्च चलाना, सब स्वयं कर लेती हैं। यह भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा बहनों को दी गई एक बड़ी सौगात है।सरोज भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आपने खुद देखा होगा, हर जगह सड़कें बनकर तैयार हो गई हैं। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं बचा जहाँ सड़क न हो, सड़कों का जाल बिछा दिया गया है। धार्मिक क्षेत्र में भी बहुत बड़ा योगदान दिया गया है। मंदिरों का निर्माण, जीर्णोद्धार और धार्मिक आयोजन, भागवत कथाएँ निरंतर कराई जा रही हैं। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं बचा जहाँ विकास कार्य न कराया गया हो।

कार्यक्रम में सरपंच सौरभ ठाकुर, बूथ अध्यक्ष साहब सिंह, महामंत्री राजेंद्र सिंह, गजराज सिंह लोधी, पवन राम, आसाराम कुशवाहा, खूबसिंह लोधी, संतोष कुशवाहा, संजम अहिरवार, लोकेश लोधी, कल्लू लोधी, रामकली, बेनी जई, बेनी बाई, पूजा बाई रजक, कृष्णा बाई, प्रधान अध्यापक भगवान सिंह ठाकुर, बीएलओ एवं शिक्षक कृष्ण कुमार चैबे, मंजू पटेल, सचिव राजेश कुर्मी, सहायक सचिव सुनील द्विवेदी, सहित तीनों गाँवों के सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## गौर उत्सव 2025 का भव्य उद्घाटन




**मालथौन।** पं. दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित गौरी मंदिर में गौर उत्सव 2025 का भव्य उद्घाटन किया गया। डॉ. हरिसिंह गौर की 150वीं जयंती के अवसर पर बृजकिशोर पटैरिया महाविद्यालय, मालथौन में कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष गिरीश पटैरिया एवं महाविद्यालय के निदेशक डॉ. आशीष पटैरिया द्वारा मां सरस्वती के पूजन, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. आशीष पटैरिया ने विद्यार्थियों को संबोधित किया तथा डॉ. हरिसिंह गौर के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉ. हरिसिंह गौर का जन्म 26 नवंबर 1870 को सागर, मध्य प्रदेश में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा सागर के सरकारी स्कूल में पूरी हुई। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने इंग्लैंड और आयरलैंड का रुख किया। वह दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति तथा नागपुर विश्वविद्यालय के दो बार कुलपति रहे। उन्होंने 18 जुलाई 1946 को सागर विश्वविद्यालय (वर्तमान में डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय) की स्थापना की, जिसके लिए उन्होंने अपने जीवन भर की कमाई से लगभग 2 करोड़ रुपये दान कर दिए। 25 दिसम्बर 1949 को सागर में उनका निधन हो गया। समिति अध्यक्ष गिरीश पटैरिया ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. हरिसिंह गौर एक महान वक्ता, उपन्यासकार, धार्मिक और दार्शनिक विचारक थे। वह रॉयल सोसाइटी ऑफ लिटरेचर के सदस्य भी थे, जो उनकी साहित्यिक प्रतिष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने सामाजिक और वैज्ञानिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा वह शक्ति है जो सामाजिक परिवर्तन ला सकती है और डॉ. हरिसिंह गौर स्वयं इसका प्रेरक उदाहरण हैं।

## कांग्रेस ने एसआरआई के प्रभारी नियुक्त किए

**सागर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आव्हान पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी सागर के अध्यक्ष महेश जाटव ने एस आर आई के लिए वार्ड स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए। डॉक्टर सर हरि सिंह गौर वार्ड शिव शंकर गुड्डू यादव, इंदिरा नगर तोता यादव, सिविल लाइन वसीम खान, मधुकर शाह रिचा सिंह, शिवाजी नगर महेश अहिरवार, तिली वार्ड अमित चौरसिया, गोपालगंज सुनील पावा, वृंदावन राजीव ठाकुर, कृष्णगंज गोपी यादव, शनिचरी ताहिर खान, शुक्रवारी मार्शल खान, लाजपतपुरा उमर खान, परकोटा रमाकांत यादव, जवाहर गंज विजय साहू, दयानंद राहुल चौबे, तिलकगंज सोहेब खान, भगवानगंज धर्मेंद्र चौधरी, विट्ठल नगर पवन जाटव, तुलसी नगर भैयन पटेल, गुरु गोविंद सिंह रोहित माडले, सुभाष नगर जितेंद्र चौधरी, शास्त्री वार्ड गुलाब पटेल, संत कंवर राम अशोक नगवानी, संत रविदास वार्ड नरेंद्र मिश्रा, भगत सिंह तारिक खान, वल्लभनगर लीलाधर सूर्यवंशी, चंद्रशेखर समीर खान, इतवारी बाबू यादव, गांधी चौक संजय कटारे, कटरा राकेश राय, मोती नगर कमलेश तिवारी, रामपुर अनिल जैन, रवि शंकर बंटी करी, नरयावली नाका नितिन पचौरी, मोहन नगर अशोक साहू चकिया सिंटू कटारे, विवेकानंद किरण लता सोनी, केशवगंज चमन अंसारी, सूबेदार जगदीश साहू, संत कबीर विनोद कोरी, राजीव नगर गोपाल प्रजापति, चकरा घाट रवि सोनी, बरिया घाट रेखा सोनी, लक्ष्मीपुरा डॉ दिनेश पटेरिया, पूरव्याऊ नीरज चौरसिया, काकागंज मीरा करी, पंतनगर लक्ष्मी नारायण सोनकिया, अंबेडकर कुंजि लाडिया, बाघराज पवन पटेल, समित सभी वार्ड के प्रभारी नियुक्त किए गए जो एस आर आई पर लगातार डोर टू डोर लोगों से संपर्क कर जिला कांग्रेस की व मतगणना सूची को सूक्ष्मता से पुनरीक्षण कर में भागीदारी करेंगे।

**लोकतंत्र का उत्सव : एसआईआर सर्वे के संबंध में महापौर एवं निगमायुक्त ने ली महत्वपूर्ण बैठक**

# सभी पार्षद बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर सर्वे कार्य अति शीघ्र पूर्ण कराने में सहयोग प्रदान करेंः महापौर संगीता तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

"लोकतंत्र का उत्सव" अभियान के अंतर्गत संचालित एसआईआर सर्वे की प्रगति की समीक्षा हेतु नगर निगम सभाकक्ष में महापौर संगीता सुशील तिवारी, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, एमआईसी सदस्यों एवं पार्षदों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। महापौर संगीता सुशील तिवारी के निर्देश अनुसार नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को एस आई आर सर्वे में आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित करने व टोल फ्री नंबर 18002331535 /07582224550 जारी किया गया।

बैठक में महापौर ने कहा कि लोकतंत्र की बुनियाद सटीक और अद्यतन मतदाता सूची पर टिकी होती है, और इसी उद्देश्य से एसआईआर सर्वे एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने पार्षदों से आग्रह किया कि वे अपने वार्डों में नियुक्त बीएलओ के साथ सतत समन्वय बनाकर सर्वे कार्य को गति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि "लोकतंत्र का उत्सव तभी सार्थक होगा जब प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो और कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं।"

उन्होंने पार्षदों से यह भी आग्रह किया कि वे अपने वार्डों में नागरिकों को सर्वे की महत्ता समझाएँ और घर-घर पहुँच रहे सर्वे दल को पूर्ण सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरित करें।




महापौर ने कहा कि यह केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ावा देने का अवसर है।

महापौर ने कहा कि नगर निगम सागर का लक्ष्य है कि एसआईआर सर्वे प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ और समयसीमा में पूर्ण किए गए सर्वे के रूप में स्थापित हो। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे पूरी निष्ठा और समन्वय के साथ इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाएं। सभी पार्षद कर संग्राहक से संपर्क कर मतदाता सूची का शुद्धिकरण करवाएं। बूथ पर शिविर आयोजित कर मतदाता सूची में सही नाम जोड़े एवं गलत नाम कटवाने में बीएलओ का सहयोग करें।

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम द्वारा एसआईआर सर्वे से संबंधित जानकारी एवं सहायता हेतु विशेष टोल-फ्री नंबर जारी किया गया है, जहाँ नागरिक आसानी से कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकेंगे। इस नंबर पर कॉल करके सर्वे की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज़, बीएलओ से समन्वय या किसी अन्य समस्या का समाधान प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह सुविधा नागरिकों तक त्वरित सहायता पहुँचाने तथा सर्वे को और अधिक सुगम एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से लागू की जा रही है।

निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में सर्वे दल नियमित रूप से नागरिकों से जानकारी एकत्रित कर रहा है। कई स्थानों पर सर्वे में विलंब का कारण नागरिकों की अनुपलब्धता, दस्तावेज़ों की कमी और जागरूकता का अभाव है। उन्होंने पार्षदों से आग्रह किया कि वे इन समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ और बीएलओ को आवश्यक सहयोग दें। बैठक में पार्षदों नेअपने-अपने वार्डों में आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा की । निगमायुक्त ने समस्याओं कै निराकरण करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।एसआईआर सर्वे में नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु शुक्रवार को गोपालगंज वार्ड में झंडा चौक पर दोपहर 12 बजे शिविर आयोजित किया जाएगा जिसका शुभारंभ महापौर संगीता सुशील तिवारी करेंगी ।बैठक में नगर निगम क्षेत्र के पार्षदों को एसआईआर सर्वे से संबंधित प्रक्रियाओं, प्रगति, और सर्वे के बारे में बारे में विस्तार से बताया गया।

बैठक में एमआईसी सदस्य शैलेंद्र ठाकुर, अनूप उर्मिल, कंचन सोमेश जड़िया, श संगीता शैलेश जैन, नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव, पार्षद याकृति जड़िया, वैदेही पुरोहित, रूबी पटेल, डब्बू साहू, सविता जिनेश साहू, नीरज कोरी, देवेंद्र अहिरवार, प्रहलाद पटेल, रिचा सिंह, नीलोफर चमन, अशोक साहू, सुरेखा राय एवं उपायुक्त एस एस बघेल, कार्यालय अधीक्षक मनोज अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए आईटी सेल का गठन

**सागर।** जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने निर्वाचक नामावली गहन पुनरीक्षण के कार्य में तकनीकी एवं डेटा एनालिसिस संबंधी कार्य हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय सागर में आईटी सेल का गठन किया है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
कल के अंक में देखें
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

खबर संक्षेप



## मड़ावरा पुलिस ने पांच वारंटी धर दबोचे

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम व गैर जमानती अपराधियों व वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान थाना मड़ावरा पुलिस ने पांच वारण्टियों में ग्राम सतवांसा निवासी उर्स खां पुत्र जुम्मन, अजमेरी पुत्र उर्स खां, सुलेमान पुत्र उर्स खां, आसीन पुत्र जुम्मन को गाली-गलौज कर मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देने और ग्राम सौंरई निवासी जालम पुत्र भैयालाल को मु.अ.सं.167/24 धारा 323, 353, 323, 504 में हिरासत में लिया गया है। वारण्टियों को पकडने वाली पुलिस टीम में उ.नि. दिनेश त्रिपाठी, उ.नि. अरूण कुमार, उ.नि.सोनू कुमार, उ.नि.संतकिशोर, हे.का. शैलेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

## बागन्नी मजरा के दो पक्षों में हुई मारपीट

**ललितपुर।** तालबेहट थाना क्षेत्र के ग्राम खांदी के मजरा बागन्नी निवासी राजेश कुशवाहा पुत्र खेतसिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते मंगलवार को शाम करीब 7.30 बजे वह अपने घर जा रहे थे। वह गांव के चिप्पे कुशवाहा के घर के सामने पहुंचे ही थे कि तभी चिप्पे पुत्र भगुवा, शिब्बे पुत्र भगुवा, राजू पुत्र चिप्पे, अशोक पुत्र सिब्बे कुशवाहा ने उक्त लोगों को देखकर मनमुटाव के चलते गालियां देना शुरू कर दिया। जब उसने गालियां देने से मना किया तो उक्त लोगों ने उस पर, उसकी पत्नी राजाबेटी, भाभी उर्मिला पत्नी कमलेश को लाठी व लात-घूसों से मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोगों ने आकर उन्हें बचाया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुये मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) व 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से राजकुमारी पत्नी अशोक ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर पर थी। तभी राजेश पुत्र खेत सिंह, राजाबेटी पत्नी राजेश, कमलेश पुत्र खेतसिंह, उर्मिला पत्नी कमलेश ने उसके परिजनों को गालियां दीं और मना करने पर मारपीट कर दी, जिससे उसके ससुर को गंभीर चोटें आयीं हैं। शोरगुल सुनकर परिवार के भगवानदास, खिलन, सेमपाल व मोहल्ले के अन्य लोगों ने आकर उन्हें बचाया। पीड़ित ने बताया कि मौके से डायल 112 को फोन किया। पुलिस को आता देख उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने दूसरे पक्ष की ओर से भी तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दहेज में पांच लाख मांगे महिला को निकाला

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम दिगवार में रहने वाली रोशनी अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि करीब ढ़ाई वर्ष पहले उसकी शादी थाना पाली के ग्राम ग्राम घटवार निवासी सोनू अहिरवार पुत्र रामदीन के साथ हुयी थी। परन्तु शादी के बाद उसके पति सोनू, ससुर रामदीन पुत्र नथू अहिरवार, गुल्ली पुत्र नथू, सास सुनीता पत्नी रामदीन, नन्द वर्षा पत्नी भज्जू, नन्दोई भज्जू एकराय होकर आये दिन दहेज में पांच लाख रुपये नकद, गोदरेज अलमारी आदि सामान अतिरिक्त दहेज में मांग रहे हैं। जबकि उसके पिता ने शादी में दो मोटर साइकिलें, दो लाख रुपये नकद दिये थे। आरोप है कि उक्त लोग दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहे हैं और खाना भी नहीं देते और कई बार उसे घर से भगा दिया। जब वह अपने पिता के पास गयी तो उक्त लोगों ने समझाया, लेकिन ससुराली नहीं माने। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# अवैध अतिक्रमण को स्वयं हटा लें भवन स्वामी, वरना होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर को साफ-सुन्दर-स्वच्छ, गड्ढा मुक्त, लाइटिंग व्यवस्था सहित शहर में अन्य विकास कार्य कराये जाने लिए चलाये जा रहे निरीक्षण अभियान के अंतिम दिन नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने वार्ड नं. 17 मोहल्ला सिविल लाइन का वार्ड पार्षद कुन्दन पाल, नगर पालिका की टीम सहित जल निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने वार्डवासियों से उनकी समस्याओं को सुना। वार्ड में कई जगह वार्ड की गलियों में पालिका की नालियों पर अवैध अतिक्रमण पाया गया,



जिससे नालियां चौक होने से उनकी साफ-सफाई व्यवस्था नहीं की जा रही थी। निर्देशित किया गया कि समस्त नालियों पर हुए अतिक्रमण हो वह स्वयं ही हटा लें, अन्यथा की स्थिति में अतिक्रमण को हटाते हुए सामग्री जब्त कर ली जाएगी। वार्ड में अनेक स्थानों पर गंदगी पाई गई, जिस पर प्रभारी सफाई निरीक्षक एवं स्वास्थ्य नायक को

**नपाध्यक्ष ने सिविल लाइन में निरीक्षण कर दी चेतावनी**

वार्ड में व्याप्त गंदगी को हटाये जाने के निर्देश दिये। वार्ड में अनेक गलियां ऐसी है जो जल निगम द्वारा द्वारा डाली जा रही पाइप लाइन के चलते क्षतिग्रस्त हो गई है, उन सभी सड़कों की मरम्मत कराये जाने हेतु जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये गये। वार्ड में स्थित क्षेत्रपाल मंदिर के पीछे जल निगम द्वारा कई सड़के क्षतिग्रस्त किये जाने पर अध्यक्ष द्वारा जल निगम के अधिकारियों से समय से कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। पार्षद कुन्दन पाल के आवास पर वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष सोनाली जैन का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया।

### मेडिकल कॉलेज में विश्व एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस जागरूकता उत्सव मनाया

# एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस को रोकने दवाओं का उचित उपयोग करना होगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा विश्व एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस के बढ़ते खतरे के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करना था। प्रधानाचार्य डॉ मयंक कुमार शुक्ला ने बताया कि एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस एक ऐसी स्थिति है जहां जीवाणु, वायरस, फंगी और अन्य रोगाणु एंटीमाइक्रोबियल दवाओं के प्रभाव का प्रतिरोध करने लगते हैं।

इससे इन दवाओं की प्रभावशीलता कम हो जाती है और रोगों का इलाज मुश्किल हो जाता है। जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर आम जनमानस को जागरूक किया गया। डा मधुरेंद्र सिंह राजपूत विभागाध्यक्ष माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस के कारणों और इसके प्रभावों पर चर्चा की।

उन्होंने एंटीमाइक्रोबियल दवाओं के उचित उपयोग के महत्व पर जोर दिया तथा समझाया और लोगों को जागरूक किया कि वे इन दवाओं का उपयोग केवल डॉक्टर की सलाह पर ही करें अनावश्यक रूप से न करें।

### स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने की एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस के कारणों व प्रभावों पर चर्चा

डा देशानिधि सिंह सह आचार्य माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने बताया कि एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस एक वैश्विक स्वास्थ्य संकट है। एंटीमाइक्रोबियल दवाओं का अधिक उपयोग और दुरुपयोग इसके मुख्य कारण हैं। एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस को रोकने के लिए हमें प्रभावी एवं कारगर दवाओं का उचित उपयोग करना होगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को जागरूक करने के लिए कई सुझाव दिए। डा योगेंद्र सिंह सहायक आचार्य माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने बताया कि विश्व एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस के खतरे के बारे में जागरूक किया गया और इसके प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित किया गया। हमें प्रभावी दवाओं का उचित उपयोग करना होगा ताकि हम इस वैश्विक स्वास्थ्य संकट को रोक सकें। डा पूजा गुप्ता सहायक आचार्य माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने कार्यक्रम का सफल संयोजन किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए सभी का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रधानाचार्य ने डा मधुरेंद सिंह राजपूत विभागाध्यक्ष माइक्रोबायोलॉजी विभाग एवं उनकी पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसार पर प्रधानाचार्य डॉ मयंक कुमार शुक्ला, डा मधुरेंद सिंह राजपूत, डा देशनिधि सिंह, डा अभिजात कुलश्रेष्ठ, डा रजनी रतमेले, डा योगेंद्र सिंह, डा पूजा गुप्ता,डॉ अमीरुल हसन आमिर डॉ अंकित ,सीनियर जूनियर रेजिडेंट चिकित्सक तथा कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

### सक्रिय है जय अंबे रक्तदान समिति

# गंभीर गर्भवती मरीज को शुभम ने किया रक्तदान




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मेडिकल कॉलेज मे गर्भवती आकांक्षा यादव ग्राम परौंदा को प्रसब पीड़ा होने पर परिजनों ने भर्ती कराया डॉक्टरों ने जांच उपरांत परिजनों से तत्काल ब्लड की व्यवस्था करने को कहा और ब्लड ना मिलने पर डिलीवरी होना असंभव बताया गर्भवती महिला मरीज के पति सहित परिजन ब्लड बैंक पहुंचे महिला मरीज के के जरूर वाला ब्लड ग्रुप ब्लड बैंक मे उपलब्ध नही था सभी परिजनों ने अपने ब्लड ग्रुप की जांच कराई मगर किसी का ब्लड ग्रुप महिला मरीज के ग्रुप से मैच नही होने पर सभी परिजन चिंतित हो गए और किसी ने मरीज के परिजनों को बताया कि आप जय अंबे रक्तदान समिति से संपर्क करें आपकी मदद जरूर होगी महिला मरीज के पति विक्रम सिंह यादव ने समिति के सदस्यों से संपर्क कर अपनी व्यथा सुनाई जिस पर समिति के सदस्यों ने समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर को सूचना दी समिति के सदस्यों ने रात्रि मे तत्काल रक्तदाता शुभम यादव को सूचना दी जिस पर रक्तदाता शिवम यादव तथा समिति के सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक पहुंचकर गर्भवती आकांक्षा यादव को रक्तदान किया जिसके पश्चात गर्भवती महिला मरीज आकांक्षा यादव ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया।

आपातकालीन स्थिति मे गंभीर बीमारी से ग्रसित वीरन यादव ग्राम धौर्रा को रात्रि मे रक्त की आवश्यकता पड़ने पर समिति ने बहुमूल्य रक्त उपलब्ध कराया दोनों जरूरतमंदों के परिजनों ने जय अंबे रक्तदान समिति का धन्यवाद आभार व्यक्त किया इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर समाजसेवी कन्हैया लाल रजक बलराम राज विक्रम सिंह यादव ग्राम परौंदा मोहित सिरोठिया गोपाल यादव महेंद्र यादव धौर्रा रमाकांत शिवम परौंदा चंद्रपाल दिनेश यादव सत्येंद्र यादव आदि रहे।

### योजना का लाभ लेने 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक होंगे पंजीकरण

# नेवर पेड व लांग अनपेड उपभोक्ताओं को विद्युत बिलों में छूट दी जाएगी, बिजली बिल राहत योजना से मिलेगा फायदा : डीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपदवासियों को अवगत कराया है कि सरकार विद्युत उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने के लिए बिजली बिल राहत योजना का शुभारंभ करने जा रही है, जिसके अंतर्गत नेवर पेड व लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं को विद्युत बिलों में छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत समस्त विद्युत वितरण निगमों में दिनांक 1 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक अधिकतम 2 किलोवाट भार के घरेलू उपभोक्ताओं तथा 01 किलोवाट भार के वाणिज्यक नेवर पेड एवं लॉन्ग अपनेड



उपभोक्ताओं के लिए विद्युत बिलों में तथा विद्युत चौरी के समस्त प्रकरणों में राजस्व निर्धारण में छूट हेतु का प्रावधान है, जिसके लिए पूर्व में आबद्ध कलेक्शन एजेन्सियों को प्रोत्साहन की विशेष व्यवस्था की गई है, जिसका लाभ नेवर पेड एवं लॉन्ग अपनेड उपभोक्ताओं से भुगतान प्राप्त करने पर दिया जाएगा। बिजली बिल राहत योजना 2025-26 में पात्र उपभोक्ता योजना का लाभ लेने हेतु तीन चरणों में पंजीकरण करा सकते हैं। योजना में पंजीकरण हेतु प्रथम चरण 01 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक, द्वितीय चरण 01 जरवरी से 31 जनवरी 2026 तक तथा तृतीय चरण 01 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समस्त विद्युत वितरण निगमों को कलेक्शन एजेन्सियों, जनसेवा केन्द्रों, विद्युत सखियों, फिनटेक कम्पनियों, मीटर रीडर्स व बिलिंग एजेन्सियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिये गए हैं, साथ ही नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए हैं। साथ ही शहर से लेकर गांव तक विभिन्न प्रचार माध्यमों से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये गए हैं ताकि लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके।

### विश्व धरोहर सप्ताह का किया गया शुभारंभ

# नेहरू महाविद्यालय में सांस्कृतिक जन-जागरुकता कार्यक्रम किया, विरासत पर लगाई गई प्रदर्शनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विश्व धरोहर सप्ताह पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण झांसी मंडल द्वारा नेहरू महाविद्यालय में सांस्कृतिक जन-जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें चित्रकला प्रतियोगिता, भारत के विश्व विरासत स्थलों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति आदि का आयोजन किया। प्रतियोगिता में नेमवि के समस्त विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भारतीय एवं बुंदेलखंड की धरोहरों एवं स्मारकों का चित्रांकन किया एवं चित्रांकन के उपरांत छात्र-छात्राओं को छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कराया गया। मुख्य अतिथि डीएम सत्य प्रकाश, विशिष्ट अतिथि डा.रमेश किलेदार, प्रबंधक प्रदीप चौबे, प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री उपस्थित रहे। संचालन अधीक्षण पुरातत्वविद डा.प्रवीण सिंह ने किया।

## शिकायत करने पर धमका रहे दबंग

**ललितपुर।** दबंगों के खिलाफ घर में घुसकर रुपये मांगने, गालियां देते हुये हमलावर होने की शिकायत पुलिस से किये जाने पर अब पीड़ित परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस प्रकार का आरोप लगाते हुये शहर क्षेत्र के मोहल्ला चांदमारी में रहने वाली पूनम पत्नी स्व.सहदेवसिंह ने पुलिस को फिर से शिकायती पत्र दिया है। महिला ने बताया कि कुछ दिनों पहले उसने मोहल्ला घुसयाना जेल चौराहा के पास रहने वाले नवनीत, दीपेश उर्फ छोटू, अरविन्द, ज्योति पत्नी अरविन्द के खिलाफ शिकायती पत्र दिया था। इसके बाद नामजद लोग उसके घर में घुसकर रुपये मांगते हैं और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़िता ने जानमाल का खतरा बताते हुये उक्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग उठायी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## नाबालिग को फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** तालबेहट अंतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को गांव के मजरा निवासी 19 वर्षीय बृजेश पुत्र घनश्याम कुशवाहा बहला फुसलाकर भगा ले गया है। आरोप है कि उसकी पुत्री को भगाने में बृजेश के परिजनों में संजू व सुजान पुत्रगण घनश्याम कुशवाहा, जीजा जयपाल कुशवाहा पुत्र जशरथ, मित्र रामसिंह कुशवाहा का सहयोग है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### विद्यालय में योगासनों की लाभदायक जानकारी दी

# बालक व बालिकाओं को योगाभ्यास कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

आयुष मंत्री डॉ० दयाशंकर मिश्र (दयालु ) एवं नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार, विशेष सचिव आयुष हरिकेश चौरसिया, मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश आयुष सोसाइटी सुश्री निशा जी तथा एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्सा धिकारी डॉक्टर राम शबद यादव ,क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अर्जुन लाल अहिरवार के




मार्गदर्शन में संचालित योग वेलनेस सेंटर राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय के योग प्रशिक्षक रामू कांत द्वारा विद्यालय में बालक एवं बालिकाओं को योगाभ्यास कराया गया। जिसमें सूक्ष्म व्यायाम, वज्रासन मंडूकासन उत्तान मंडूकासन और ताड़ासन शशक आसन भुजंगासन सिंहासन आदि योगासनों की लाभदायक जानकारी के साथ अभ्यास कराया गया। साथ ही भस्त्रिका, कपालभाति अनुलोमविलोम, उज्जाई, भ्रामरी प्राणायाम कराया गया।

### वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर परिचर्चा आयोजित की गई

# लक्ष्मीबाई स्वराज्य के लिए अड़ी, लड़ी और नींव का पत्थर बनीं: प्रो.शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि रानी झांसी स्वराज के लिए लड़ी, स्वराज के लिए अड़ी और स्वराज की नींव का पत्थर बनीं। उनके शत्रु सेनापति ह्यूरोज के मुख से निकले निजी डायरी में अंकित ये शब्द वह थीं, उन सबों में सर्वोत्कृष्ट वीर कोटि कोटि हृदयों में सदैव अंकित रहेंगे। तदयुगीन पदयात्री पूना के मराठा पं.विष्णु भट्ट शास्त्री ने आँखों देखा गदर की विश्व प्रसिद्ध पुस्तक के पृष्ठ सं.76-77 पर जो विवरण दिया है, उन्हीं के शब्दों में झांसी छोड़ते समय बाईसाहब रात के बारह बजे, रेशमी दुपट्टे से अपने बारह वर्षीय दत्तक पुत्र को पीठ से बांधते हुए, घोड़े पर बैठकर, कालपी की ओर अग्रसर हुईं, तब उनके पास मात्र एक रूपए की रेजगारी थी। बदलने के लिये, दूसरे वस्त्र भी नही थे। चौबीस घंटे बिना खाए- पिए घोड़े पर पुत्र को बांधे हुए गुजार दिए। कालपी पहुँचने पर तांत्या टोपे ने तम्बू लगाकर राजसी कपड़े सिलवा कर प्रबन्ध किया। उक्त पुस्तक के पृष्ठ सं. 79 पर कदाचित आँसुओं की स्याही लिखा विवरण



अंकित है कि रानी के न रहने पर झांसी क्षेत्र के प्रत्येक स्त्री पुरूष को यह अनुभव हो रहा था, जैसे जिन्दा होते हुए भी, वह शमशान भूमि में रखी अर्थी से बँधा हो। पर इस सच्चाई को लोग देर से महसूस करते हैं कि इस साम्राज्य को उखाड फेंकने वाले बलिदानियों का खून भी कहीं सूखता नजर नहीं आता। झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई की महिला शाखा की सेनापति वीरांगना झलकारी बाई ने जब झाँसी के पतन का दुखद समाचार सुना तो वह गहरे विषाद में डूब गई। ऐसे विषम प्रसंग के संबंध में इतिहास के कंकाल में मांस और रक्त का संचार करके उसे उपन्यास सम्राट वृन्दावनलाल वर्मा ने इतना सजीव बना दिया कि झाँसी के पतन पर कलम चलाते हुए वर्मा जी का गला इतना भर उठा कि वे रानी झाँसी के बारे में कहते हैं कि महल की चौखट पर बैठकर वह रोई। वह, जिसकी आँखों का आंसुओं से कभी परिचय भी न था। वह जिसका वक्षस्थल वज्र और हाथ फौलाद के थे, वह जो भारतीय नारीत्व का गौरव और शान थी। मानो उस दिन हिन्दुओं की दुर्गा रोई। ऐसी ही संकट की घड़ी में छाया की तरह रानी का साथ देने वाली बुन्देली आन-बान और शान की सदा हँस-मुख जीवन्त-ठसकीली प्रतिमा थी झलकारी दुलैया। वर्माजी कहते हैं, झलकारी दुलैया का सब ठाट-बाट सोलह आना बुंदेलखंडी-पैर की पैजनी से लेकर सिर की दाउनी (दामिनी) तक सबके सब आभूषण स्थानिक। इतनी निर्भीक और साहसी थी कि सर्वोच्च अंग्रेज सैन्य अधिकारी एलिस के कुदृष्टि डालने पर अपनी सहेली से आग -बबूला होकर, वह कह उठती है जो नठया मोई और देखत तौ ? ई कैं का मताई बैनें न हुइयें मोरे मन में तो आउत कै पनइयाँ उतार कैं मूछन के बरे के मों पै चटाचट दे ओं युद्ध के समय झलकारी उन्नाव गेट पर अपने पति के साथ ही तोपों से गोले दागती है। जब उसे पता चलता है कि रानी भाण्डेरी फाटक से सुरक्षित कालपी निकल गयीं, तो वह लड़ते हुए अंग्रेजों को अटकाये रहती है, क्योंकि कद -काठी और चेहरे -मोहरे से अंग्रेज झाँसे में आकर, उसे ही झाँसी की रानी समझ बैठते हैं। इस तरह के सच्चे वृत्तान्त वर्मा ने, झाँसी के उन बूढ़े, स्त्री-पुरुषों से सुने।

## चीता प्रोजेक्ट चढ़ा सफलता का एक और नया पायदान

# कूनों से फिर आई खुशखबर,भारत में जन्मी मुखी ने 5 शावकों को दिया जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से एक बार फिर खुशखबर मिली है। यहां मादा चीता मुखी ने एक साथ पांच शावको को जन्म दिया है। खास बात यह है कि मादा चीता मुखी ऐसी पहली भारतीय मादा जीता है,जिसने भारत की धरती पर कूनो नेशनल पार्क में जन्म लिया और अब पांच शावको को जन्म दिया है। यह चीता प्रोजेक्ट का भारत में पहला सफल प्रजनन है, ऐसे में अब चीता प्रोजेक्ट पूरी तरह से सफल माना जा रहा है उधर सीएम डॉ मोहन यादव ने भी पांच शावकों के जन्म पर खुशी जताई है।

यहां बता दें कि मादा चीता मुखी का जन्म 33 महीने पहले श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में हुआ था,जिसे नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला ने जन्म दिया है। कूनो नेशनल पार्क में पली बढी माद चीता मुखी ने अब कूनो नेशनल पार्क समेत पूरे भारत में एक नई खुशी बिखरते हुए पांच शावको को जन्म दिया है। 33 महीने की मादा चीता मुखी प्रोजेक्ट चीता के तहत ऐसी पहली भारतीय जन्मी मादा बन गई है,जिसने पांच शावकों को जन्म देकर न केवल एक नया इतिहास रचा है,बल्कि इस महत्वाकांक्षी संरक्षण परियोजना को और मजबूत किया है। कूनो नेशनल पार्क के अधिकारियों के अनुसार मादा चीता मुखी और उसके सभी शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्हें प्राकृतिक वातावरण में विशेष निगरानी में रखा गया है। हालिया जन्म के साथ अब भारत में चीतों की कुल संख्या 32 हो गई है, इनमें से 29 चीते कूनो नेशनल पार्क में हैं, जबकि 3 चीते गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में रखे गए हैं।



### शेर दिल है मुखी, जन्म के दो माह बाद खो दिए थे तीन भाई बहन

नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला से जन्मी मादा चीता मुखी काफी शेर दिल भी है। क्योंकि उसे जिंदगी की शुरुआत में ही बड़ी त्रासदी का सामना करना पड़ा। जब वह महज दो महीने की ही थी तो भीषण गर्मी के चलते उसके साथ जन्मे तीन भाई-बहनों ने दम तोड़ दिया। ठीक इसी दिन मुखी भी कमजोर और थकी हुई मिली और उसे स्वास्थ्य जांच के लिए ले जाना पड़ा। यही नही भाई-बहनों की मौत के बाद मुखी को मां ज्वाला ने भी नहीं अपनाया। इसके बाद से कुनो नेशनल पार्क की प्रबंधन टीम ने मुखी की बहुत सावधानीपूर्वक देखभाल की और उस पर इंसानी प्रभाव ज्यादा न पड़े, इसका पूरा ध्यान रखा। उसका यह सफर आसान नहीं था। मुखी को कई बार स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों और अन्य दूसरी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन हर बार वह और मजबूत बनकर उभरी। जिसने अब पांच शावको को जन्म देकर एक नया इतिहास भी रचा है।

### सीएम ने ट्वीट कर जताई खुशी

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी चीतों के जन्म पर खुशी जताई है. उन्होंने लिखा कि भारत में जन्मी चीता मुखी ने मध्य प्रदेश के कुनो नेशनल पार्क में पांच बच्चों को जन्म देकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, मां और बच्चे ठीक हैं. यह भारत के चीता रीइंट्रोडक्शन इनिशिएटिव के लिए एक बहुत बड़ी कामयाबी है, मुखी 33 महीने की उम्र में भारत में जन्मी पहली मादा चीता, अब बच्चे पैदा करने वाली भारत में जन्मी पहली चीता बन गई है, जो प्रोजेक्ट चीता के लिए एक बड़ी कामयाबी है. भारत में जन्मे चीते का सफल प्रजनन, भारतीय जगहों पर इस प्रजाति के एडैप्टेशन, हेल्थ और लंबे समय की संभावनाओं का एक मजबूत संकेत है. यह बड़ा कदम भारत में आत्मनिर्भर और जेनेटिकली अलग-अलग तरह के चीतों की आबादी बनाने की उम्मीद को और मजबूत करता है, जिससे देश के कंजर्वेशन के लक्ष्य और आगे बढ़ेंगे।

### चीतो के भविष्य की दिशा में एक नया कदम

पांच शावको को जन्म देने वाली भारतीय मादा चीता मुखी नामीबियाई मादा चीता ज्वाला की संतान है, ज्वाला को पहली पीढ़ी आयातित माना जाता है, मुखी दूसरी पीढ़ी है, और अब उसके पांच शावक तीसरी पीढ़ी के रूप में भारत में प्राकृतिक रूप से जन्मे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि तीसरी पीढ़ी के ये शावक भारतीय जलवायु के प्रति और भी अधिक अनुकूल होंगे. कूनो प्रबंधन के अनुसार, मुखी द्वारा जन्मे ये पांच शावक तीसरी पीढ़ी के चीते हैं, जो शुरू से ही भारतीय मौसम और परिवेश के बीच बड़े होंगे. यह प्रोजेक्ट चीता के भविष्य की दिशा में एक नया कदम माना जा रहा है।

## 10 दिन में न सुधरी अव्यवस्थाएं तो होगा उग्र प्रदर्शन:एबीवीपी

# कॉलेज की अव्यवस्थाओं को लेकर विद्यार्थी परिषद ने घेरा बड़ौदा का तहसील कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



बड़ौदा स्थित शासकीय महाविद्यालय के ताले प्रतिदिन नहीं खुलने तथा खेल मैदान नहीं होने से जैसी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गुरूवार को बडौदा तहसील कार्यालय का नारेबाजी करते हुए घेराव किया और बडौदा तहसीलदार को कलेक्टर श्योपुर के नाम ज्ञापन सौपते हुए यह अल्टीमेटम में भी दे दिया कि 10 दिन के भीतर बडौदा कॉलेज की अव्यवस्थाओं में सुधार किया जाए अन्यथा 10 दिन के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों को साथ लेकर उग्र प्रदर्शन करेगी।

गुरूवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के छात्र छात्राओं के साथ बडौदा तहसील कार्यालय का घेराव करते हुए नारेबाजी की और फिर अभाविप जिला संयोजक गणेश शर्मा तथा राज सोलंकी के नेतृत्व में एक चार सूत्रीय ज्ञापन बडौदा तहसीलदार को सौपा गया। कलेक्टर के नाम दिए गए 4 सूत्रीय ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बड़ौदा महाविद्यालय की बिल्डिंग नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को काफी समस्या उत्पन्न हो रही है।

हालत यह हो रहे है कि प्रतिदिन कॉलेज के ताले तक नहीं खुल रहे है। कॉलेज में 200 एडमिशन छात्रों के होने के बाद भी बडौदा में सिर्फ दो प्रोफेसर की नियुक्ति हुई है जिससे विद्यार्थियों को शिक्षा में अध्ययन करने में काफी समस्या देखने को मिलती है। जिस भवन में कॉलेज संचालित हो रहा है,वहां पर न जल की व्यवस्था है और न ही शौचालय की व्यवस्था है। इसके अलावा बडौदा में कोई मैदान भी नहीं है। जिसकारण खिलाडियों की खेल प्रतिभा निखर नहीं पा रही है। ज्ञापन सौपने के दौरान नगर मंत्री प्रिंस सेन ,रुद्राक्ष गौतम, कुलदीप नायक, ऋतुराज जाट, विभू शर्मा ,जसवंत राजपूत, विशाल प्रजापति,किरण नागर, रवीना मीणा, हेमंत मेरोठा, अभिषेक मीणा, उदित शर्मा आदि छात्र और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिपं सीईओ ने किया जनपद कार्यालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जिला पंचायत श्योपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौम्या आनंद द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय श्योपुर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन कर रिकार्ड को व्यवस्थित तरीके से संधारित करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सीईओ जनपद एसएस भटनागर भी मौजूद रहें।

सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने सभी शाखाओं का निरीक्षण करते हुए रनिंग फाइलों को ही रखने तथा पुराने रिकार्ड को व्यवस्थित कर सूचीबद्ध करते हुए रिकार्ड रूम में व्यवस्थित रखने के निर्देश दिये। कार्यालय में साफ-सफाई के साथ पुताई कराने तथा प्रागंण में स्थित शौचालय की साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था को सुचारू करने के निर्देश भी दिये, इसके साथ ही कार्यालय में सूचना का अधिकार अधिनियम का सूचना पटल नही होने से सूचना पटल लेखन कराने के निर्देश दिये, जनपद पंचायत अन्तर्गत संचालित जनहितेषी, ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओ को समय सीमा में पात्र हितग्राहीयों को लाभ एवं पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# साहब! बच्चों को अपना घर बेचकर खिलाएं क्या रोटी?

## राशि नहीं मिलने से परेशान महिला समूह ने बंद रखा साझा चूल्हा, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



साहब! मैडम 5 और 8 रुपए में भरपेट और मेनू अनुसार भोजन मांग समूहों से की जा रही हैं ऊपर से 3 महीने से भुगतान नहीं मिला ऐसे में ऐसे में महिला स्वसहायता समूह क्या अपने घर को बेचकर बच्चों को रोटी खिलाएं क्या ? यह बात प्रांतीय समूह संघ की जिला अध्यक्ष सुनीता नायक ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते कही। समूह संघ का दावा है कि जिले में पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत बनाए जाने वाला दोपहर का भोजन बंद रखा गया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विभिन्न स्कूलों और आंगनबाड़ियों में पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत खिलाए जाने वाला दोपहर का भोजन इन दिनों महिला स्व सहायता समूहों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। बीते 3 महीना से समूह के खातों में राशि नहीं डाली जा रही है ऊपर से कलेक्टर के निर्देश पर हर स्कूल आंगनबाड़ियों में अधिकारी पहुंचकर मेनू अनुसार भोजन बनवाने के साथ-साथ भरपेट खिलाने का दावा बना रहे हैं स्कूल प्रबंधन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी बच्चों को जबरदस्ती भरपेट भोजन करवा रही है जबकि नियम में निर्धारित मात्रा में ही भोजन कराने के निर्देश हैं जिससे महिला स्वसहायता समूह मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं समूहों के खातों में बीते 3 महीना से राशि नहीं डाली गई है बार-बार निवेदन करने के बाद भी अनसुना किए जाने के कारण गुरुवार को सामूहिक रूप से सजा चूल्हा बंद रखा गया। अगर सुनवाई नहीं होती है तो महिला स्व सहायता समूह पूरे जिले में अनिश्चितकाल के लिए भोजन व्यवस्था बंद कर देंगे।

# पूर्व विधायक स्व सत्यभानू सिंह चौहान की धर्म पत्नी का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



पूर्व विधायक स्वर्गीय सत्यवान सिंह चौहान की धर्मपत्नी एवं कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अतुल चौहान की मां सरोज चौहान का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार को निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा 21नवंबर 2025 को प्रातः 9 बजे निज निवास बाय पास रोड स्थित सत्योदय से निकाली जाएगी।

# दलित से मारपीट करने वाले दबंग को छह माह का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

दलित की मारपीट करने वाले एक आरोपी को श्योपुर के विशेष न्यायालय ने छह माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए 2 हजार रूपए का अर्थदंड भी रोपित किया है। दो साल पुराना यह मामला बरगवां थाना क्षेत्र का है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि फरियादी जब 23 जुलाई 2023 को सुबह के वक्त फ्रेश होने के लिए जा रहा था,तभी आरोपी मदन मोहन उर्फ मदन रावत ने खेत से होकर निकलने की बात को लेकर फरियादी का जातीय अपमान करते हुए उसकी लाठी से मारपीट कर दी।जिससे फरियादी जख्मी हो गया। जिसकी रिपोर्ट उसने श्योपुर अजाक थाने पहुंचकर दर्ज कराई। अजाक थाना पुलिस ने मदन मोहन उर्फ मदन रावत पुत्र लाखन सिंह रावत निवासी जाखदा के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया और विवेचना पूरी कर चालान विशेष न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने विचारण के दौरान आरोपी मदन मोहन उर्फ मदन रावत को दोषी मानते हुए उसे छह माह के सश्रम कारावास और 2 हजार के जुर्माने की सजा सुना दी।

# पुरानी रंजिश पर युवक को तलवार से किया जख्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक को पुरानी रंजिश पर तलवार मारकर जख्मी किए जाने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि वार्ड क्रमांक 7 ब्लॉक कॉलोनी निवासी अरूण धूलिया पुत्र किशन धूलिया गुरूवार को जब एसआईआर फार्म भरने के लिए वार्ड क्रमांक 2 हरिजन बस्ती में गया था,जहां पुरानी रंजिश को लेकर रोहित धूलिया पुत्र अशोक धूलिया ने अरूण को गाली गलौच करते हुए तलवार मारकर जख्मी कर दिया। वहां मौजूद लोगो ने बीच बचाव करने पर आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकला। घायल अवस्था में अरूण को जिला अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया। पुलिस ने अरूण की रिपोर्ट पर रोहित के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

# विजयपुर के खितरपाल में बनेगा बल्क मिल्क कूलर प्लांट,जमीन आवंटित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर विकासखंड के गांव खितरपाल में अब जल्द ही बल्क मिल्क कूलर प्लांट की स्थापना हो जाएगी। क्योंकि इसके लिए यहां कलेक्टर अर्पित वर्मा के द्वारा जमीन का आवंटन कर दिया गया है।

दरअसल विजयपुर क्षेत्र में अभी बल्क मिल्क कूलर प्लांट नहीं है। जिसकारण इस क्षेत्र में एकत्रित किए जाने वाले दूध को एक दिन से ज्यादा सुरक्षित रखना मुश्किल काम बना हुआ है। इसलिए पशु पालन एवं डेयरी विभाग के द्वारा विजयपुर के खितरपाल गांव में क्षेत्र से एकत्रित किए जाने वाले दूध को सुरक्षित रखने के लिए यहां बल्क मिल्क कूलर प्लांट स्थापित किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया और इसके लिए जिला प्रशासन से जमीन आंवटित किए जाने की मांग रखी। इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने ग्राम खितरपाल तहसील विजयपुर में बल्क मिल्क कूलर स्थापना के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग को भूमि का आवंटन किया गया है। यह भूमि खितरपाल में सर्वे क्रमांक 672 अंतर्गत 1.440 हेक्टयर आवंटित की गई है। उप संचालक पशु पालन विभाग एसबी दोहरे ने बताया कि जमीन आंवटन होने के बाद अब यहां बल्क मिल्क कूलर प्लांट स्थापित किए जाने की कार्रवाई जल्द शुरू हो जाएगी। इस प्लांट में तीन हजार लीटर दूध को दो तीन दिन के लिए सुरक्षित रखना संभव हो जाएगा। जिसके बाद विजयपुर क्षेत्र से एकत्रित किए जाने वाले दूध की सप्लाई बडे शहरो के लिए करना आसान हो जाएगा।

## आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत मिली लगभग डेढ़ करोड की मंजूरी

# श्योपुर जिले में 15 स्थानों पर लगेंगे हेल्थ एटीएम, 50 से अधिक टेस्ट होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




### क्या है हेल्थ एटीएम

हेल्थ एटीएम एक स्वचालित मशीन है जो बुनियादी स्वास्थ्य जांच और कुछ नैदानिक सेवाएं प्रदान करती है। यह एक टचस्क्रीन कियोस्क है जिसमें उन्नत सेंसर और परीक्षण उपकरण होते हैं, जो रक्तचाप, रक्त शर्करा, और ऑक्सीजन संतृप्ति जैसे कई स्वास्थ्य मापदंडों की जांच कर सकता है। इसका उपयोग उपचार परामर्श के लिए भी किया जा सकता है। यह एक स्वयं-सेवा कियोस्क है, एक मिनी-क्लिनिक की तरह काम करता है जो 24 घंटे सातो दिन कार्य करता है। स्वास्थ्य जांच के संबंध में यह त्वरित गति से कुछ मिनिटो में ही स्वास्थ्य रिपोर्ट और परामर्श प्रदान करता है। यह स्वास्थ्य सेवाओं को सभी के लिए सुलभ बनाता है, यह कुशल और सुविधाजनक स्वास्थ्य समाधान प्रदान करता है।

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को ओर अधिक बेहतर बनाने के लिए इनोवेशन अंतर्गत आंकाक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम में नीति आयोग द्वारा 15 स्थानों पर हेल्थ एटीएम लगायें जाने को मंजूरी दी गई है। कलेक्टर अर्पित वर्मा के नवाचार के तहत इस कार्य के लिए लगभग डेढ करोड रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। भारत सरकार नीति आयोग के आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम की अध्यक्षता में आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम को लेकर आज आयोजित वीसी में कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा नवाचारी पहल हेल्थ एटीएम की स्थापना, क्रियान्वयन को लेकर विस्तारपूर्वक प्रजटेंशन दिया गया। जिसके क्रम में आंकाक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत चयनित श्योपुर, कराहल एवं विजयपुर में 5-5 स्थानों पर हेल्थ एटीएम लगाये जाने को स्वीकृति प्रदान करते हुए डेढ करोड रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। वीसी के दौरान एनआईसी कक्ष श्योपुर में प्रभारी जिला योजना अधिकारी गिर्राज शर्मा, दीपांशी जादौन आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बताया कि आंकाक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम के अंतर्गत नवाचार के तहत तीनों विकासखण्डों में 15 स्थानों पर हेल्थ एटीएम लगाये जाने के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत उपयुक्त स्थानों का चयन कर हेल्थ एटीएम लगाये जायेंगे, हेल्थ एटीएम के माध्यम से 50 से अधिक टेस्ट एक ही स्थान पर एक साथ किये जा सकेंगे। इसके अंतर्गत सिस्टोलिक, डायस्टोलिक पल्स, ऑक्सीजन संतृप्ति, शरीर का तापमान, ईसीजी, मधुमेह, बेसिल मेटाबोलिक रेट, शरीर का वजन, बॉडी मास इंडेक्स, शरीर में वसा की स्थिति, अस्थि द्रव्यमान, प्रोटीन, मेटाबोलिक, मूत्र रेपिड टेस्ट, रक्त पीएच, ल्यूकोसाइट्स, माइक्रो एल्ब्यूमिन, ब्लड गुरप, रेपिड टेस्ट, एचबीएसी टेस्ट, मानसिक स्वास्थ्य आंकलन, लिपिड प्रोफाइल, कॉलस्ट्रोल आदि टेस्ट किये जा सकेंगे, इससे जिले की स्वास्थ्य सुविधाओ में सुधार तो होगा ही, बल्कि व्यक्ति अपनी विभिन्न जांचे हेल्थ एटीएम के माध्यम से आसानी से होने से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी रहेंगे। हेल्थ एटीएम की स्थापना के लिए नीति आयोग द्वारा एक करोड 42 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। जिससे हेल्थ एटीएम की स्थापना की जायेगी।

## भूख हड़ताल कर रहे विधायक के स्वास्थ्य को देखते हुए पुलिस ले सकती है बड़ा निर्णय

# आज मेला ग्राउंड में जुटेगा कांग्रेसियों का जमावड़ा प्रशासन पर पड़ रहा फसल के मुआवजे का दवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भारत जोड़ो यात्रा के तहत कांग्रेस का किसान आंदोलन मेला ग्राउंड में शुक्रवार को होने जा रहा है इस आंदोलन के बहाने कांग्रेस शासन प्रशासन को किसानों का मुआवजा के नाम पर घेरने की तैयारी कर रही है जिस तरह से कांग्रेस खासकर विधायक बाबू जंडेल ने किसानों के मुआवजा को लेकर आंदोलन किया हुआ है उससे प्रशासन पर मुआवजा वितरण करने और कांग्रेस का आंदोलन समाप्त कराने का भी दबाव बन रहा है। सूत्रों की माने तो सरकार की ओर से प्रशासन पर दवाब है कि कांग्रेस का आंदोलन जल्द खत्म कराया जाए जिसके चलते कलेक्टर अर्पित वर्मा ने शहर में निषेधाज्ञा लागू की है इसके बावजूद कांग्रेसी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं उधर किसानों को मुआवजा बांटने में देरी होने से सरकार की छवि भी किसानों में खराब हो रही है जिससे प्रशासन पर किसानों को मुआवजा वितरण करवाने का भी दबाव बन रहा है। किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर चल रहे विधायक बाबू जंडेल के स्वास्थ्य की निगरानी प्रशासन लगातार कर रहा है, सूत्रों कि मानें तो इसी निगरानी के बहाने प्रशासन विधायक को कभी भी जान की सुरक्षा का हवाला देकर धरने से उठा सकता है।

26 अक्टूबर को हुई पर मौसम बारिश को लेकर से बर्बाद हुई फसल को करीब एक माह बीतने को है और प्रशासन की ओर से अभी तक किसानों को मुआवजा के रूप में राशि नहीं मिली है मुआवजा तो छोड़ो फसल बीमा का क्लेम भी किसी किसान को नहीं मिला है हालांकि प्रशासन किसानों को मुआवजा दिलाने का भरोसा बराबर दिला रहा है प्रशासनिक अमले की माने तो उसने सर्वे पूरा कर लिया है जिन किसानों का नुकसान हुआ है उन्हें मुआवजा दिलाने के लिए शासन को प्रस्ताव भी भेज दिया है और संबंधित किसानों के बैंक अकाउंट आधार मंगा कर उनके खातों में राशि डालने की तैयारी कर ली है एक-दो दिन में राशि डाली जा सकती है लेकिन यह राशि डालें जाने पर कांग्रेस इसका राजनीतिक लाभ न ले ले इस उद्देश्य से भाजपा नेता मुआवजा का वितरण इस तरह करवाना चाहते हैं जिससे इसका लाभ कांग्रेस के बजाय भाजपा को मिले इस मामले में भाजपा अपने मित्र संगठनों से भी किसानों के पक्ष में आंदोलन करवाने के लिए बोल रही है ताकि ऐसा न लगे कि सिर्फ किसानों के लिए आंदोलन कांग्रेस या विधायक बाबू जंडेल ही कर रहे थे और भी संगठन है जो किसानों की मांग को लगातार उठाते रहे हैं। पर जिस तरह से विधायक बाबू जंडेल और कांग्रेस ने इस मामले को जोरदारी से उठाया है उससे यह मामला फिलहाल एक तरफा कांग्रेस की ओर जाता दिख रहा है शायद यही वजह है कि किसानों के खातों में मुआवजा राशि नहीं डाली जा रही है।




### प्रशासन ने लगाई कांग्रेस के रोड शो पर रोक

शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी श्योपुर पहुंच रहे हैं जो श्री हजारेश्वर पार्क मेला मैदान में जनसभा करेंगे। हालांकि कि न नुकर के बाद प्रशासन ने कांग्रेस को श्री हजारेश्वर पार्क मेला रंग मंच पर सभा आयोजित करने की परमिशन दे दी है लेकिन बाजार में रैली निकालना की परमिशन नहीं दी है कांग्रेस रेस्ट हाउस से मेला मैदान तक प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं अन्य नेताओं को रैली के माध्यम से लाना चाहती है। इस रोड शो को निषेधाज्ञा का उल्लंघन बताते हुए प्रशासन ने स्वीकृति देने से इनकार कर दिया है उधर कांग्रेस में एक गुट ऐसा है जो हर हाल में प्रदेश अध्यक्ष की रैली निकालना चाहता है।

### पूर्व मुख्यमंत्री के आने की सुगबुगाहट

हालांकि कांग्रेस के इस कार्यक्रम में बड़े नेता के रूप में सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का नाम ही शामिल है लेकिन कांग्रेस जिला अध्यक्ष की माने तो उन्हें इस रैली में शामिल होने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने भी आने की स्वीकृति दी है देर शाम तक उनका कार्यक्रम नहीं आया था लेकिन कांग्रेस जन उनके आने के प्रति पूरी तरह आश्चस्त हैं अगर दिग्विजय सिंह आए तो उनके साथ नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार और दूसरे नेता भी आना तय है पर जिन नेताओं की आने की स्वीकृति मिली है उनमें जीतू पटवारी के अलावा भोपाल के विधायक आरिफ मसूद भांडेर के विधायक फूल सिंह बरैया आदि नाम शामिल हैं।

पुलिस ने दबिश के दौरान 48000 रुपए नगद, 04 कारें एवं 13 मोटर साइकिलें जब्त की

# काली पहाड़ी पर हार-जीत का दांव लगाते चार जुआरी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर



पुलिस अधिक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा जिले में अवैध शराब, सट्टा, जुआ एवं अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले के मार्गदर्शन में एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा द्वारा मुखबिर की सूचना पर से अवैध जुआ पड़कर कार्यवाही की। एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना बामौरकलां क्षेत्रान्तर्गत ग्राम काली पहाड़ी बायपास के आंगनबाडी के पीछे खेतों में पहाडी के पास कुछ व्यक्ति तास पत्तों से रूपये पैसों का हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना बामौरकलां व खनियाधाना से पुलिस फोर्स को साथ लेकर मुखबिर के बताये स्थान पर ग्राम कालीपहाडी बायपास के पास आंगनबाडी के पीछे खेतों में पहुंचे तो खेतों में कुछ लोग तास पत्तों से रूपयों पैसों से दांव लगाकर जुआ खेलते दिखे। रूपयों पैसों से हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेलने का पूर्ण विश्वास होने पर हमराही फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकडा तो जुआ खेलने वाले करीब 19 या 20 व्यक्ति मौके से भाग गये, 04 लोगों को पकडा उनका नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम मनोज पुत्र भैयालाल गुप्ता उम्र 50 साल नि0 बसस्टैण्ड बामौरकला, दूसरे ने अपना नाम अतुल पुत्र राजेन्द्र श्रीवास्तव उम्र 35 साल नि० बाजार बामौरकलां, तीसरे ने अपना नाम मलखान सिंह पुत्र मेहरबान सिंह यादव उम्र 48 साल नि0 कुशवाह कालोनी मुंगावली जिला अशोकनगर, चौथे ने अपना नाम अशोक कुमार पुत्र गोविन्द सिंह कुशवाह उम्म्र 33 साल नि0 बागबाना मोहल्ला बामौरकला थाना बामौरकला जिला शिवपुरी का होना बताया। मनोज गुप्ता के सामने जुआ फड से एक तास की गड्डी 52 पत्ते एवं 14000 रूपये नगदी, अतुल श्रीवास्तव के सामने जुआ फड से 15000 रूपये नगदी, मलखान सिंह यादव के सामने जुआ फड़ से 12000 रूपये नगदी एवं अशोक कुशवाह के सामने जुआ फड़ से 7000 रूपये। 500-500 रूपये के 96 नोट कुल 48000/- रूपये एवं फड़ के पास रखी फोर व्हीलर 04 गाडियां गाड़ी लॉक होने से इंजन न. व चैसिस न. नही लिखा जा सका। सभी गाडियां लोक है एवं फड़ के पास रखी 13 दोपहिया वाहन मोटरसाईकिलें, एक बिना नंबर की हीरोडीलक्स लाल रंग की मोटरसाईकिल एवं एक विना नंबर की डिस्कवर मोटरसाईकिल इसके अलावा एक लाल नीले रंग की तिरपाल, प्लास्टिक की 02 चटाई, 06 नई तास की गड्डियां मिली जिन्हे विधिवत जप्त की गई। उक्त पकड़े गये चारो आरोपीगणों से पूछताछ की गई तो बताया कि चार लोगो के नाम हम जानते है जिनमे बिरजू ठाकूर, मंगल श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, वनवारी लाल श्रीवास्तव निवासीगण बामौरकलां के भी हमारे साथ जुआ खेल रहे थे एवं अन्य 15 से 16 व्यक्तियों के नाम हम नही जानते है। आरोपीगणों का यह कृत्य धारा 13 जुआ एक्ट की परिधि में आने से उक्त जप्तशुदा जुआ सामग्री कब्जे मे लेकर आरोपियों के साथ थाना बामौरकलां आकर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया।

करैरा पुलिस ने यूपी से बरामद किया ले जाया गया ट्रैक्टर

# रिश्तेदार ने की अमानत में खयानत नहीं लौटा रहा था 9 लाख का ट्रैक्टर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

फरियादी मलखान सिंह पुत्र काशीराम सिह रावत उम्र 40 साल निवासी ग्राम लैंदा थाना करैरा ने उपस्थित चौकी आकर जुवानी रिपोर्ट किया कि मैने 06/11/23 को एक स्वराज 744 ट्रेक्टर जिसका रजिस्ट्रेशन को कृषि कार्य हेतु श्री विनायक ट्रेक्टर दतिया से किस्तो पर उठाया था। दिनांक 15.01.24 को मेरा रिस्तेदार शिवराज सिंह रावत पुत्र लालाराम रावत निवासी कल्याणपुर का आया और मुझसे वोला कि मुझे मील मै गन्ना डालना है मुझे एक माह के लिये अपना ट्रेकटर दे दो तो मैने अपने उक्त ट्रेक्टर को अपने रिस्तेदार शिवराज सिंह रावत को दे दिया।

फिर वह ट्रेक्टर को मेरे घर से लेकर चला गया मैने एक माह वाद अपना ट्रेक्टर वापस मांगा तो उसने मेरा ट्रेक्टर वापस नही किया मेरे ट्रेक्टर को शिवराज सिह रावत ने कही हेरा फेरी कर दिया है रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 571/24 धारा 406 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ, जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, चोरी, अवैध शराव की धरपकड अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे अति० पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के कुशल मार्गदर्शन में थाना करैरा पुलिस द्वारा पूर्व में आरोपी 1. शिवराज पुत्र लालाराम रावत उम्र 37 साल निवासी ग्राम कल्याणपुर 2. सुरेंद्र पुत्र हाकिम सिंह रावत 25 साल निवासी देहरेटा सानी थाना करैरा 3. रविंद्र पाल पुत्र रामलाल पाल उम्र 40 साल निवासी भैंसा थाना करैरा को गिरफ्तार किया जा चुका है। पूछताछ पर आरोपी रविंद्र पाल के द्वारा बताया गया कि उक्त ट्रैक्टर को आरोपी लक्षमण शर्मा पुत्र चिह्नीलाल उम्र 55 साल नि भदाल चैकी राल थाना जैत जिला मथुरा उ.प्र प्रदेश को बेच दिया है।

मुखबिर की सूचना पर से आरोपी लक्षमण शर्मा पुत्र चिह्नीलाल उम्र 55 साल नि भदाल चोकी राल थाना जैत जिला मथुरा उ.प्र को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो आरोपी ने स्वराज 744 ट्रेक्टर को ग्राम बकसोलिया बारांबाकी उ.प्र. मे रखना बताया ट्रक्टर को आरोपी लक्षमण शर्मा के कब्जे से बरामद कर विधिवत जप्त किया गया. आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। बरामद मसरुका स्वाराज ट्रैक्टर कीमत 09 लाख रुपए को बरामद करने में मुख्य भूमिका थाना प्रभारी निरी० विनोद सिंह छावई, चौकी प्रभारी सुनारी उनि चेतन शर्मा, आर प्रभूजोत सिंह, आर लवकेश यादव, आर गजेन्द्र रावत, आर राधे जादौन की रही।

बदहाल हो रहे ट्रैफिक को देखते हुए नपा प्रबंधन की कार्यवाही

# हाट-बाजार से दशहरा मैदान में शिफ्ट करवाईं सब्जी की दुकानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ नगर में हर बुधवार साप्ताहिक हाट-बाजार लगता है जिसमें सैकड़ों की संख्या में दुकानदार सहित अन्य लोग आया करते हैं। ऐसे में सुगम यातायात के दृष्टिकोण से दो वर्ष पूर्व नगर पालिका ने मेन मार्केट के सब्जी विक्रेताओं को हर बुधवार अपनी दुकानें दशहरा मैदान में लगाने की हिदायत दी थी। शुरूआत में तो सब्जी विक्रेताओं ने इसका पालन किया लेकिन बीते कुछ हफ्तों से अनेकों सब्जी विक्रेताओं ने हाट-बाजार में ही अपनी-अपनी दुकानें लगाना शुरू कर दिया था। ऐसे में बदहाल यातायात व्यवस्था को देखते हुए कल नगर पालिका प्रबंधन की टीम ने सख्त रुख अपनाते हुए मार्केट में दुकानें लगा रहे सभी तरह के सब्जी विक्रेताओं को निर्धारित स्थान दशहरा मैदान पर शिफ्ट करवा दिया। हालांकि, इस दौरान नगर पालिका की टीम को विक्रेताओं के आक्रोष का भी सामना करना पड़ा परन्तु टीम ने किसी की नहीं सुनी और जैसे ही चालानी कार्यवाही की शुरूआत हुई तो अन्य विक्रेता स्वयं अपनी-अपनी दुकानें, ठेले आदि दशहरा मैदान में लेकर पहुंच गए।

### आगे से काटेंगे सभी के चालान

नगर पालिका प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि बुधवार के साप्ताहिक हाट-बाजार में कोई भी सब्जी विक्रेता मेन मार्केट में अपनी दुकान नहीं लगाएगा। अगर इसके बावजूद मार्केट में दुकानें नजर आईं तो चालानी कार्यवाही कर दी जाएगी।

# इंदिरा गांधी की जयंती मनाई

**ब्यावरा।** ब्यावरा विधानसभा के सुठालिया ब्लॉक में बूढ़ा महादेव पर इंदिरा गांधी की जयंती पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्लॉक अध्यक्ष जोधाराम गुर्जर द्वारा ब्लॉक स्तरीय मीटिंग रखी गई जिसमें सुठालिया ब्लॉक की कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें धर्मेंद्र सोंधिया उपाध्यक्ष, मनीष बैरागी उपाध्यक्ष, सचिन शर्मा महासचिव, जगदीश सोंधिया महासचिव, राकेश सोंधिया महासचिव, पहलवान लोधी सचिव दीपक सोंधिया सचिव आदि की नियुक्तियां की गई। साथ ही जिला उपाध्यक्ष अंकित सरावत, विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर, छात्र नेता एलकर सोंधिया, कॉलेज अध्यक्ष संदीप लोधी, विधानसभा सचिव संदीप गुर्जर, गब्बर गुर्जर सहित सभी एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस थाना दिनारा ने बलात्कार के आरोपी अंकित पाल को 48 घंटे में गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

गत 16 नवंबर को पीडिता ने थाने आकर रिपोर्ट की थी कि उसके गांव व समाज के नाते देवर अंकित पाल पुत्र करन सिंह पाल निवासी ग्राम सहरया थाना दिनारा ने पिछले एक साल से उसके साथ डरा धमका कर लगातार बलात्कार किया पीड़िता ने आरोपी अंकित पाल के विरूध्द अप क्रं. 260/25 धारा 64(2) (),332 (), 351 (3) बीएनएस पंजीबध्द कराया। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ द्वारा आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। अति०पुलिस अधीक्षक संजीव मुले, एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे गुण्डा विरोधी अभियान के तहत दिनांक 18.11.2025 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी की आरोपी अंकित पाल रेस्ट हाउस के पास दिनारा मे कहीं जाने की फिराक मे खडा है। सूचना पर से तत्काल कार्यवाही करते हुये मुखविर के बताये स्थान पर पहुंचे तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागा जिसे फोर्स की मदद से पकडकर उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अंकित पाल पुत्र करन सिंह पाल निवासी ग्राम सहरया का होना बताया जो अपराध क्रमांक 260/2025 का आरोपी होने से मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। बाद आरोपी को माननीय न्यायालय करैरा पेश किया गया। सराहनीय योगदान उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी दिनारा उनि रामेन्द्र सिंह चौहान, थनरा चौकी प्रभारी उनि रामानंद पचौरी, सउनि सुल्तान सिंह अंसौलिया, सउनि नारायण सिंह, प्र.आर. हिमांशु चतुर्वेदी, आर. संदीप, आर. विकाश दुवे, आर. प्रदीप कौरव, सैनिक विशाल, सैनिक सुरेन्द्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



# करोड़ों के विद्युत ग्रिड सहित पंचायत भवन का मंत्री टेटवाल ने भूमिपूजन किया

**सारंगपुर।** बुधवार को सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बावली में 2 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए विद्युत ग्रिड का भूमि पूजन मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा विधिवत सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, पार्टी पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह नया ग्रिड क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को स्थाई रूप से सुदृढ़ करेगा तथा करीब 10 गाँवों की वर्षों से चली आ रही बिजली समस्या का समाधान सुनिश्चित करेगा। इसी क्रम में मंत्री टेटवाल ने ग्राम पंचायत कांकरिया में अटल पंचायत भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। साथ ही पुलिया निर्माण तथा सीसी रोड का लोकार्पण कर ग्रामवासियों को महत्वपूर्ण आधारभूत सुविधाओं की सौगात दी। करोड़ों की लागत से स्वीकृत इन जनकल्याणकारी कार्यों ने ग्रामीणों में विकास के प्रति विश्वास और उत्साह को और मजबूत किया है। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाना, आवश्यक सुविधाओं का विस्तार व हर परिवार को समृद्धि से जोड़ना है। आश्वस्त किया कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य निरंतर जारी रहेंगे। ग्रामीण विकास, मूलभूत सुविधाएं और आत्मनिर्भरताकृइन्हीं संकल्पों के साथ क्षेत्र को प्रगतिशील दिशा देने के प्रयासों को आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि हर गाँव मजबूत हो, हर घर समृद्ध हो और हर नागरिक आत्मनिर्भर बने।



# एसआईआर 90 फीसदी पूर्ण, बीएलओ सम्मानित

**राजगढ़।** जिले में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्य(एसआईआर) द्रुत गति से जारी है। उक्त कार्य के लिए मतदान केंद्र वाईज बीएलओ नियुक्त करते हुए उनकी सहायता के लिए अन्य कर्मचारियों को भी पाबंद किया गया है। इसके बावजूद जिले में एसआईआर कार्य की प्रगति काफी धीमी है। हालांकि, कुछ बीएलओ ऐसे भी हैं जो पूरी तन्मयता के साथ एसआईआर कार्य में जुटे रहकर काम को निर्धारित अवधि में पूर्ण करने में लगे हुए हैं। ऐसे उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले प्रदेश के पांच बीएलओ को कल राजधानी भोपाल में निवार्चन आयोग द्वारा शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें राजगढ़ जिले की खिलचीपुर विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक-147 भंडावद के बीएलओ देवकरण शर्मा भी शामिल हैं। शर्मा ने कुल 1173 मतदाताओं में से 1056 मतदाताओं के फार्म डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण कर दिया है। उपलब्धि पर आयोग ने सम्मानित किया।



# बीएलओ को समय सीमा में कार्य करने किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

नगर मे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम मे गणना पत्रक की स्तिथि एवं उनके डिजिटलाईजेशन कार्य की प्रगति के लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा द्वारा वार्ड वार भ्रमण किया गया तथा सभी बीएलओं को पूरी निष्ठा से समय सीमा में कार्य करने हेतु प्रेरित किया । साथ ही नगर परिषद कर्मचारियों को भी बीएलओं की सहायता हेतु लगाया गया। कम प्रगति वाले बीएलओ को निर्देशित किया गया शर्मा द्वारा बताया गया कि नगर परिषद कार्यालय में मतदाताओं की सुविधा हेतु वर्ष 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध है कोई भी मतदाता कार्यालय में आकर अपनी जानकारी ले सकता है साथ ही फार्म भरने में भी सहायता की जा रही है। उनके द्वारा समस्त मतदाताओं से अपील भी की कि समय पर फार्म भरकर बीएलओ को प्रदान करें। सीएमओ के साथ सुपरवाईजर जितेन्द्र सिंह, नपा के भूपेन्द्र लोहिया बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि भी उपस्थित रहे ।

आधा सैकड़ा से अधिक बार रक्तदान कर चुके राजेश सक्सेना 'बब्बल' का निधन

# कईयों को जीवन देकर दुनिया छोड़ गया राजगढ़ का 'रक्तवीर दानी'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कहते हैं भगवान को भी अच्छे लोगों की जरूरत होती है और वे उन्हें अपने पास बुला लिया करते हैं। एक ऐसे ही दुलर्भ ब्लड ग्रुप वाले रक्तदाता खुशमिजाज, जिंदादिल शख्स राजेश सक्सेना उर्फ बब्बल का मंगलवार-बुधवार की रात्रि इंदौर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। अपने 61 वर्ष के जीवन में स्व. सक्सेना आधा सैकड़ा से अधिक बार रक्तदान कर दूसरों का जीवन बचाने में मददगार बने थे।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में पदस्थ स्वर्गीय राजेश ने अपने पूरे जीवनकाल में 55 से अधिक बार रक्तदान करते हुए कईं लोगों की जान बचाई। थैलेसीमिया पीड़ित ऐसे बच्चे जिनका ब्लड ग्रुप ए-नेगेटिव रहता था, उनके लिए श्री सक्सेना भगवान से कम नहीं थे। उन्होंने अपने मोबाइल नंबर तक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के अभिभावकों को उपलब्ध करवा रखे थे। इसके साथ ही जब, जिसे, जहां भी ए-नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता पड़ती, सूचना मिलते ही वे तुरन्त वहां पहुंच जाते थे। बीते कुछ माह से उन्हें कैंसर हो गया था और इसी बीमारी के चलते आज राजेश सक्सेना इस दुनिया में नहीं हैं। बुधवार तड़के उनके निधन का समाचार पहुंचते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। आपको बतादें कि स्वर्गीय राजेश सक्सेना के पिता स्व. उदित नारायण सक्सेना एक स्वतंत्रता संग्राम सैनानी थे।

### कई पुरस्कारों से नवाजे जा चुके हैं स्व. बब्बल

रक्तदान के साथ-साथ समाजसेवा से जुड़े कार्यों में सदैव बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले स्व. श्री राजेश अपने जीवनकाल में प्रशासन सहित कईं सामाजिक, स्वयंसेवी व अन्य संस्थाओं द्वारा उन्हें विभिन्न पुरस्कारों एवं सम्मान से नवाजे जा चुके थे। रक्तदान के साथ-साथ नेत्र शिविरों में भी वे आगे-आगे रहकर निस्वार्थ भाव से कार्य करते थे। इसके साथ ही अपने जीवनकाल में मिले अलग-अलग प्रशासनिक दायित्वों का भी उन्होंने बखूबी निवर्हन किया था।

# मंत्री टेटवाल की मौजूदगी में बीएलओ 2 प्रशिक्षण आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीय सेवा सदन कार्यालय में बुधवार को एसआईआर अभियान के तहत बीएलओ-2 प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल उपस्थित रहे। कार्यशाला में बीएलओ-2 साथियों को क्षेत्रीय दायित्वों से संबंधित सभी आवश्यक जानकारियाँ विस्तार से प्रदान की गईं, ताकि क्षेत्र में कार्य की गुणवत्ता, पारदर्शिता और दक्षता को और अधिक मजबूत किया जा सके। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और सीखने की उत्सुकता इस प्रशिक्षण की मुख्य विशेषता रही, जिसने पूरे कार्यक्रम को अधिक सार्थक और प्रभावी बनाया। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रशिक्षण का उद्देश्य एक संगठित टीम और सशक्त प्रणाली का निर्माण करना है, जिसका संदेश प्रशिक्षण में स्पष्ट रूप से प्रकट होता है। इसमें जिला प्रभारी निर्मल जैन, विस प्रभारी मनीष सक्सेना, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, विकास दीक्षित, गिरवर भंडारी, विनोद पाटीदार, जनपद अध्यक्ष देव नागर सहित सभी बीएलओ-2 उपस्थित रहे।